03/04/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

चुनाव आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को अवैध शराब, नकदी, ड्रग्स, हथियारों और मुफ्त वस्तुओं के इन्फ्लॉ को रोकने के लिए अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है। आयोग ने उन्हें 2024 में शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त आम चुनाव सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। चुनाव आयोग ने कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा और आकलन करने के लिए आज नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक की। आयोग ने एक बयान में कहा, संयुक्त समीक्षा बैठक का उद्देश्य सीमाओं की रक्षा करने वाली केंद्रीय एजेंसियों के साथ-साथ अधिकारियों के बीच सहज समन्वय और सहयोग के लिए सभी संबंधित हितधारकों को एक साथ लाना था। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने की।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडु ने गत मंगलवार को जोर देकर कहा है कि भारत का पूर्वोत्तर राज्य "भारत का एक अविभाज्य, अभिन्न अंग" है। श्री खांडू का बयान चीनी सरकार द्वारा अरुणाचल प्रदेश में कुछ स्थानों को कुछ 'मानकीकृत' भौगोलिक नाम दिए जाने के बाद आया है, जिसे चीन तिब्बत का दक्षिणी भाग होने का दावा करता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने लिखा: “चीन की एक और नौटंकी।

भारत का एक गौरवान्वित नागरिक और अरुणाचल प्रदेश का मूल निवासी होने के नाते, मैं अरुणाचल प्रदेश के भीतरी स्थानों के नामकरण के इस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं, जो भारत का अभिन्न अंग रहा है। अरुणाचल प्रदेश के गौरवान्वित नागरिक और देशभक्त ऐसी हरकतों को खारिज कर रहे हैं।" केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी अरुणाचल प्रदेश के अंदर 30 स्थानों को चीन द्वारा अवैध रूप से दिए गए 'मानकीकृत' भौगोलिक नामों की कड़ी निंदा की।

0000000000000000000

अपर सियांग जिला चुनाव अधिकारी हागे लाइलांग ने गत बुधवार को जिला चुनाव आइकन के रुप मे, एवरेस्टर किशोन तक्सेंग और निर्वाचन क्षेत्र के आइकन के रुप मे, अपर सियांग आइडल - सीजन 3 के विजेता लवली पातुक साथ ही तुतिंग-यिंगकियोंग और गेकु-मारियांग विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपविजेता ओगुल लांगकाम को आइकन के रुप सम्मानित किया। उन्हें जिले में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम- स्वीप गतिविधियों को चलाने के लिए चुना गया है। डीईओ श्री लाइलांग ने सूचना और नैतिक मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी को स्वेच्छा से बढ़ावा देने में चयनित आइकंस की भूमिका और जिम्मेदारियों पर संक्षेप में प्रकाश डाला। डीईओ ने उन्हें मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने और चुनाव प्रक्रिया में नए मतदाताओं की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने में जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभाने और लोकतंत्र के त्योहार में भाग लेने के लिए जनता तक सही संदेश प्रसारित करने की सलाह दी।

0000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय के हिंदी प्रकोष्ठ ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के अनुभाग अधिकारियों और कार्यालय सहायकों के लिए 'प्रशासन एवं राजभाषा हिंदी' विषय पर एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य राजभाषा हिंदी और प्रशासन के संबंध, भाषा के लिए प्रौद्योगिकी के नए आविष्कार और प्रौद्योगिकी के माध्यम से राजभाषा के प्रचार-प्रसार को उजागर करना था। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में भाग लेते हुए, आईआईटी खड़गपुर के वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, डॉ. राजीव कुमार रावत ने प्रतिभागियों का ध्यान राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रशासनिक जिम्मेदारियों की ओर आकर्षित किया, और प्रतिलेखन, लिप्यंतरण, अनुवाद आदि के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों का वर्णन प्रस्तुत किया। इस कार्याशाला में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. साकेत कुशवाहा और रजिस्ट्रार डॉ. एन.टी. रिकम भी शामिल हुए.

0000000000000000000

लोवर सुबनसिरी जिले के हापोली के एक होटल में गत मंगलवार रहस्यमय परिस्थितियों में एक पुरुष और दो महिलाओं सहित केरल के तीन लोग मृत पाए गए। ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी कलाई कटने से बहुत अधिक खून बह जाने के कारण उनकी मृत्यू हुई। उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों पर कटने के निशान भी पाए गए।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने पीटीसी बांदेरदेवा के फोरेंसिक विशेषज्ञों की सहायता से तलाशी ली और होटल के कमरे में उपलब्ध सभी मौजूदा सबूत जब्त कर लिए हैं, और आगे की जांच जारी है।

0000000000000000000

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद- एनसीईआरटी ने कहा है कि विद्यालयों की पुस्तकें समय पर उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में एनसीईआरटी की ओर से कहा गया है कि पहली, दूसरी, सातवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षाओं के लिए 33 लाख पुस्तकें छप चुकी हैं और उन्हें दुकानों पर भेज दिया गया है। परिषद ने कहा है कि तीसरी और छठी कक्षा के लिए नए पाठ्यक्रम की पुस्तकें इस महीने और अगले महीने प्रकाशित कर दी जाएंगी। यह भी कहा गया है चौथी, पांचवीं, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा की किताबें इस महीने बाजार में आ जाएंगी। एनसीईआरटी ने सभी छात्रों और अभिभावकों से धैर्य रखने और चिंतित न होने का अनुरोध किया। बहुत से राज्यों में स्कूलों की किताबें उपलब्ध न होने की खबरों के बीच एनसीईआरटी ने यह प्रतिक्रिया दी है।

0000000000000000000

केंद्र सरकार ने कहा है कि मीडिया रिपोर्ट के माध्यम से प्रचारित की जा रही दवाओं के मूल्यों में वृद्धि की खबर भ्रामक और झूठी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस रिपोर्ट के अनुसार पांच सौ से अधिक दवाओं पर मूल्य वृद्धि का प्रभाव पडेगा। ऐसी खबरें झूठी, भ्रामक और द्वेषपूर्ण हैं। औषध विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण हर वर्ष निर्धारित दवाओं के मूल्यों को थोक मूल्य सूचकांक के तहत संशोधित करता है। मंत्रालय ने कहा कि सात सौ बयासी दवाओं के मूल्य में कोई परिर्वतन नहीं किया गया है। जबकि चौवन दवाओं पर एक पैसे की मामूली बढोतरी की गई है।

0000000000000000000

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है और दो हजार सत्ताईस तक तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार है। आज गाजियाबाद में चुनाव रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दो हजार सैतालीस तक विश्व की सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश को इस दिशा में आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सिंह ने कहा कि पिछले नौ वर्ष में 25 करोड लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं।

0000**000000000000000**